श्री राम की गली में तुम जाना

श्री राम की गली में तुम आना,
वहा नाचते मिलेंगे हनुमाना......

उनके तन में है राम उनके मन में है राम,
अपनी आंखो से देखे कण कण मे राम,
श्री राम का है वो दीवाना,
वहा नाचते मिलेंगे हनुमाना,
श्री राम की गली में तुम आना......

ऐसा राम जी से जोड़ लिया नाता,
जब भी देखो उन्ही के गुण गाता,
श्री राम के चरनो में ठिकाना,
वहा नाचते मिलेंगे हनुमाना,
श्री राम की गली में तुम आना.....

उनसे कहना राम राम वो कहेंगे राम राम,
कुछ भी सुनते नही बस सुनेंगे राम राम,
महामन्त्र है भुल ना जाना,
वहा नाचते मिलेंगे हनुमाना,
श्री राम की गली में तुम आना......

इतनी भक्ति वो बनवारी करने लगे,
उनके सिने में राम सिया रहने लगे,
इस कहानी को जानता जमाना,
वहा नाचते मिलेंगे हनुमाना,
श्री राम की गली में तुम आना......

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/31342/title/shree-ram-ki-gali-me-tum-jana

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |